संख्या- 1366 /38-4-2003-

प्रेषक,

डा0 रीता शर्मा,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
ग्राम्य विकास,
उ0प्र0 लखनऊ ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-4 लखनऊ:दिनांक: 21 जून, 2003

विषय- प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यान्वयन हेतु कार्यदायी संस्थाओं (पां0आई0यू0) के निर्धारण के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0 को संबोधित एवं अन्य के साथ शासन को पृष्ठांकित अपने परिपत्र संख्या-आर0-2-76/प्र0मं0ग्रा0स0यो0/2000-01, दिनांक 8-1-2001 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत वर्ष 2000-01 हेतु जनपदवार वित्तीय परिव्यय के आवंटन एवं जनपदवार कार्यदायी संस्था (कार्यक्रम कियान्वयन इकाई) के निर्धारण से संसूचित किया गया है । इसके द्वारा प्रदेश के 56 जनपदों में लोक निर्माण विभाग एवं 14 जनपदों में ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग योजनान्तर्गत कार्यदायी संस्था निर्धारित की गयी है ।

2- इस संबंध में शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया गया है कि प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के कियान्वयन हेतु ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग को पूर्व में आवंटित 14 जनपदों के अतिरिक्त जनपद - अलीगढ़, मथुरा, बांदा, मुरादाबाद, रामपुर, मेरठ, बुलन्दशहर, मुजफ्फरनगर, फर्रुखाबाद, देवरिया, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, रायबरेली, उन्नाव एवं जौनपुर (अतिरिक्त 16 जनपद) में कार्यदायी संस्था (कार्यक्रम कियान्वयन इकाई) के रुप में कार्य करेगी। यह आवंटन वर्ष 2002-03 के कार्य (जो अब 2003-04 में स्वीकृत होगें) से लागू होगा । वर्ष 2002-03 के पूर्व के स्वीकृत कार्य जो लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रारम्भ कराये गये है और प्रगति पर है, बढ़े लोक निर्माण विभाग द्वारा ही पूर्ण कराये जायेगें । शेष 40 जनपदों में लोक निर्माण विभाग पूर्ववत कार्यक्रम कियान्वयन इकाई के रुप में कार्यरत रहेगी ।

कृपया तदनुसार समस्त संबंधितों को संसूचित करते हुये यथा-आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें ।

भवदीया,
रीता शर्मा
(डा0 रीता शर्मा)
प्रमुख सचिव ।

3142 3

संख्या- (1)/38-4-03-तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- श्री एस0 विजय कुमार, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, कृषि भवन, नई दिल्ली ।
2- प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन ।
3- प्रमुख सचिव, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग, उ0प्र0 शासन ।
4- प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ ।
5- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, उ0प्र0 लखनऊ ।
6- गार्ड बुक ।

आज्ञा, से,

(आनन्द प्रकाश उपाध्याय)
संयुक्त सचिव ।